# कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर

पत्रांकः–2136(2) / 1495(4) सफाई अनु0 / न0पा0प0फ0(2026–27) दिनांकः– 10 / 7 / 2026

## ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, फतेहपुर द्वारा सूचित किया जाता है, कि राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निर्माण कार्यों की ई–प्रोकयोरमेन्ट निविदाएं दिनांक–26.07.2026 से दिनांक–03.08.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय कर डाले जायेगे। तकनीकी निविदाएं दिनांक–03.08.2026 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपरान्ह 04:30 बजे खोली जायेगी, तत्पश्चात् तकनीकी निविदा से सफल निविदादाताओं की वित्तीय निविदाए खोली जायेगी।

## नियम व शर्ते

1. सभी निविदा प्रपत्रों के साथ कार्य की पृथक–पृथक निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) ऑनलाइन आर0 टी0जी0एस0 / एन0एफ0टी0 के माध्यम से आई0डी0बी0आई0 बैंक फतेहपुर की खाता सं0–1060104000145473 शाखा फतेहपुर आई0एफ0एस0सी0 कोड IBKL0001060 में जमा कर स्कैन कापी अपलोड करना होगा, एवं 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि प्रत्येक कार्य की अलग–अलग अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फतेहपुर के नाम बन्धक कराकर स्कैन कॉपी ऑनलाइन टी0डी0आर0 / एफ0डी0 आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में अपलोड करना अनिवार्य होगा।
2. सभी निविदा प्रपत्रों पर दरें स्पष्ट रूप से शब्दों एवं अंकों में अंकित होना चाहिए।
3. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
4. शा०स० 86 / 2026 / 649 / 2026 / 23–7099 / 106 / 2025 लोक निर्माण अनुभाग–7 लखनऊ दिनांकः–23 मई 2026 के क्रम में परफार्मेन्स गारंटी मनी निम्नवत् तालिका के अनुसार अनुबन्ध की कार्यवाही के समय संलग्न करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | डाली गयी निविदा लागत का आगणित लागत के सापेक्ष प्रतिशत। | न्यूनतम् निविदादाता द्वारा जमा की जाने वाली अतिरिक्त परफारमेन्स सेक्योरिटी |
|---|---|---|
| 01 | 10 प्रतिशत तक बिलों (Below) | शून्य |
| 02 | 10 प्रतिशत से अधिक बिलो (Below) तथा 15 प्रतिशत तक बिलो (Below) | निविदा की आगणित लागत एवं निविदादाता की लागत के अन्तर का 50 प्रतिशत |
| 03 | 15 प्रतिशत से अधिक बिलो (Below) तथा 20 प्रतिशत तक बिलो (Below) | निविदा आगणित लागत एवं निविदादाता की लागत के अन्तर का 100 प्रतिशत |
| 04 | 20 प्रतिशत से अधिक बिलो (Below) | निविदा की आगणित लागत एवं निविदादाता की लागत के अन्तर का 150 प्रतिशत |

5. निविदा स्वीकृति के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर अवशेष 08 प्रतिशत जमानती धनराशि की मूल प्रति जमा कराते हुए अनुबन्ध पत्र की औपचारिकताओं की पूर्ति किया जाना आवश्यक होगा।
6. ऑनलाइन निविदा डालने के लिए चरित्र व हैसियत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, लेबर रजिस्ट्रेशन फार्म, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन फार्म एवं 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि ऑनलाइन एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 की कॉपी प्रत्येक कार्य की अलग–अलग संलग्न करना अनिवार्य होगा, तथा अवाश्यकता पड़ने पर मूल कॉपी विभाग में उपलब्ध कराना होगा।
7. 10 लाख से अधिक लागत के कार्यों में आगणन की 40 प्रतिशत धनराशि का पिछले 03 वित्तीय वर्षो में कराये गये सामान प्रकृति का कम से कम 01 कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
8. शासनादेश सं0:–1319 / नौ–9–21–45ज / 21 नगर विकास अनुभाग–9 लखनऊ दिनांकः–30 जून 2021 द्वारा जारी नगर पालिका परिषद / विकास कार्यो के क्रियान्वयन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) में दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

### कार्यो का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू0 | धरोहर धनराशि रू0 | निविदा का मूल्य जी0एस0 टी0 सहित | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड नं0:–33 सिविल लाइन में नई तहसील के पास ट्रान्सफर स्टेशन का निर्माण कार्य। | 3260117.00 | 65300.00 | 4720.00 | 02 माह |
| 02 | वार्ड नं0:–10 अरबपुर में पीरनपुर पानी की टंकी के पास ट्रान्सफर स्टेशन का निर्माण कार्य। | 3260117.00 | 65300.00 | 4720.00 | 02 माह |

10/7/26

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
फतेहपुर।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

Scanned with OKEN Scanner